Sl. No.	District	RPDS/EAS Blocks
5.	Boudh	2
6.	Gajpati	6
7.	Dhenkanal	3
8.	Deogarh	2
9.	Kalahandi	11
10.	Mayurbhanj	26
11.	Nawapara	5
12.	Sambalpur	6
13.	Jajpur	2
14.	Jharsuguda	5
15.	Keonjhar	13
16.	Koraput	14
17.	Malkangiri	7
18.	Nayagarh	1
19.	Nawrangpur	10
20.	Phukbani	12
21.	Rayagada	11
22.	Sonepur	2
23.	Sundergarh	17

RPDS: Revamped Public Distribution System.
EAS: Employment Assurance Scheme.

"सार्क" देशों की आर्थिक सहयोग समिति की बैठक में सीमा शुल्क संबंधी निर्णय

2056. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या वाणिज्य मंत्री 4 दिसम्बर, 1995 को राज्यसभा में तारांकित प्रश्न 115 से दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) "सार्क" देशों की आर्थिक सहयोग समिति की बैठक में किस-किस देश ने किस-किस वस्तु पर सीमा शुल्क में कमी करना स्वीकार किया है; और

(ख) इससे भारत को सीमा शुल्क में कितना घाटा होगा?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) आर्थिक सहयोग संबंधी समिति (सीईसी) की दिनांक 16-17 नवम्बर, 1995 को हुई इसकी छठी बैठक में सीमाशुल्क संबंधी निश्चित रियायतों पर कोई विचार-विमर्श अथवा कोई सहमति नहीं हुई। तथापि सीईसी ने सिफारिश की है कि व्यापार उदारीकरण संबंधी अन्तरसरकारी दलों की बैठक पुनः बुलाई जाए ताकि निश्चित समय सीमा के भीतर पैरा-टैरिफ, गैर-टैरिफ और अन्य व्यापार नियंत्रण बाधाओं को दूर करने और साप्ता कार के अंतर्गत प्रदत्त रियायतों का विस्तार एवं वृद्धि करने के लिए दूसरे दौर की व्यापार वार्ता शुरू की जा सके।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार

2057. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी:** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार देने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;